कार्यालय जिला न्यायाधीश, महराजगंज

प्रशासनिक आदेश संख्या– 109 /2026

आदेश

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या–5100/Admin. (E-I) Section/XC-4/2026/ Dated: Allahabad: 10.04.2026 द्वारा 'Judicial Officers Sports Meet' के कारण दिनांक 24–04–2026 (शुक्रवार) एवं दिनांक 25–04–2026 (चतुर्थ शनिवार) को जिला न्यायालयों में अवकाश घोषित कर उसके एवज में किसी दो (02) चतुर्थ शनिवार को न्यायालय कार्य दिवस घोषित करने हेतु निर्देशित किया गया है। अतः, उक्त निर्देश के अनुपालन में निम्नवत आदेशित किया जाता है :–

1– जिला न्यायालय, महराजगंज के अन्तर्गत सभी न्यायालयों में दिनांक 24–04–2026 (शुक्रवार) एवं दिनांक 25–04–2026 (चतुर्थ शनिवार) को अवकाश घोषित किया जाता है।

2– जिला न्यायालय, महराजगंज के अन्तर्गत सभी न्यायालयों में दिनांक 23–05–2026 (चतुर्थ शनिवार) एवं दिनांक 25–07–2026 (चतुर्थ शनिवार) को न्यायालय कार्य दिवस घोषित किया जाता है।

दिनांक 24–04–2026 (शुक्रवार) एवं दिनांक 25–04–2026 (चतुर्थ शनिवार) को अवकाश घोषित हो जाने के कारण, उक्त दिनांकों को पूर्व नियत समस्त वादों को अगले कार्य दिवस में सुनवाई हेतु लिया जाएगा तथा रिमाण्ड कार्य एवं गिरफ्तार किये गए अभियुक्तगण के जमानत प्रार्थना–पत्रों की सुनवाई एवं उनका विधिनुसार निस्तारण, अवकाश/छुट्टियों की अवधि में होने वाली सामान्य प्रक्रिया के अन्तर्गत, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, महराजगंज द्वारा अधिकृत रिमाण्ड मजिस्ट्रेट द्वारा किया जाएगा।

इस आदेश की प्रति को जनसामान्य के सूचनार्थ अधिष्ठान की आधिकारिक वेबसाइट एवं सूचना–पट्टों पर प्रदर्शित किया जाय तथा जिला सूचना अधिकारी, महराजगंज के माध्यम से यथासम्भव सभी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित किया जाय।

तदनुसार सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाय।

दिनांकः 20–04–2026

जिला न्यायाधीश,
महराजगंज।

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01– प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, महराजगंज।
02– पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, महराजगंज।
03– ज़िला मजिस्ट्रेट, महराजगंज।
04– पुलिस अधीक्षक, महराजगंज।
05– समस्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारीगण/अनुभागों के प्रभारी अधिकारीगण, जिला न्यायालय, महराजगंज।
06– नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर), जिला न्यायालय, महराजगंज।
07– संयुक्त निदेशक, अभियोजन, महराजगंज।
08– अधीक्षक, जिला कारागार, महराजगंज।
09– जिला सूचना अधिकारी, महराजगंज को सर्वसाधारण के सूचनार्थ समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।
10– अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, महराजगंज।
11– अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, फरेन्दा, महराजगंज।
12– सर्वसाधारण के सूचनार्थ अधिष्ठान के सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित किए जाने हेतु।

दिनांकः 20–04–2026

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,
जिला न्यायालय, महराजगंज।